HILAULI ASPIRATIONAL BLOCK TO NUMBER 1
UNNAO BSA LETTER

प्रेषक

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
उन्नाव।

सेवा में

डॉ सुनीता गांधी
संस्थापिका
देवी संस्थान, लखनऊ

पत्रांक 33645 दि० 22-2-24

विषयः हिलौली ब्लॉक के प्राइमरी स्कूलों में **ALFA** पद्धति का प्रयोग

महोदया,

हमें आपको यह सूचित करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि **ALFA** पद्धति, जिसका अनुसंधान आपने किया है, हिलौली ब्लॉक के 155 स्कूलों में वर्ष 2023–24 के शैक्षिक सत्र में सितम्बर माह से लागू किया गया है बहुत कम कार्य दिवसों के समय में बच्चों के शैक्षिक स्तर में काफी सुधार दिखा है ।

विभागीय निर्देशानुसार बच्चों के शैक्षिक दक्षता जांचने के लिए एक मूल्यांकन किया था इस मूल्यांकन में हिलौली विकास खण्ड में न्यूनतम स्तर था, वर्ततान मूल्यांकन में शैक्षिक स्तर पर निपुण पाया गया और उन्नाव जिले में प्रथम स्थान पर आया है।

आपकी **ALfA** पद्धति, प्रयास और सहयोग को हिलौली ब्लॉक को निपुण बनाने में हम आपके काम की प्रशंसा और सराहना करते हैं ।

हम आशा करते हैं कि आप शिक्षा क्षेत्र में इसी प्रकार आप शिक्षा आपका सहयोग प्राप्त होता रहेगा ।

धन्यवाद ।

(संगीता सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
उन्नाव।

"I am delighted to inform you that the ALfA pedagogy has been implemented in the 155 schools of Hilauli block since September 2023. There has been a substantial improvement in children's learning levels, in very little time.
In the assessments conducted by the Department of Education, Hilauli, which was at the lowest level, has now come first in Unnao district. The ALfA pedagogy has helped Hilauli become NIPUN; for this I praise and recommend your work. I hope that you continue assisting in the educational field going forwards."

Sangeeta Singh, Unnao BSA

NEWSPAPER CLIPPING

निपुण भारत मिशन में हिलौली प्रथम, पुरवा दूसरे और हसनगंज तीसरे स्थान पर

- नगर क्षेत्र, सुमेरपुर व फतेहपुर चौरासी रहा फिसड्डी
- अन्य 10 ब्लाक निपुण रैंकिंग में रहे औसत

जागरण संवाददाता, उन्नाव: सरकार साक्षरता में वृद्धि के लिए लगातार प्रयास कर रही है। देश का हर बच्चा शिक्षित हो और अभिभावक शिक्षा कार्यक्रम से जुड़े रहे। इसके लिए भारत सरकार द्वारा निपुण भारत मिशन की शुरुआत की गई है। जिसका उद्देश्य तीसरी कक्षा तक के बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता ज्ञान को बढ़ावा देना है। निपुण भारत मिशन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी ब्लाकों की कंपोजिट रैंकिंग सूची शासन द्वारा जारी की गई। जिसमे सभी पैरामीटर्स में विकासखंड हिलौली प्रथम, पुरवा द्वितीय और हसनगंज तीसरे स्थान पर रहा।

निपुण भारत रैंकिंग में जिले के अंदर चौथे स्थान पर नवाबगंज ब्लाक रहा। जबकि, असोहा, बिछिया, सिकंदरपुर कर्ण, मियागंज व सफीपुर की रैंक औसत रही। वहीं जिन ब्लाकों में रैंक फिसड्डी रही। उनमें सबसे नीचे नगर क्षेत्र इसके बाद सुमेरपुर, फतेहपुर, सिकंदरपुर सरोसी, बीघापुर, बांगरमऊ, गंजमुरादाबाद, औरास ब्लाक रहे।

हसनगंज ब्लाक के शिक्षक रवींद्र सिंह, सशांक सिंह, एआरपी शैलेंद्र सिंह, मोहद्दीनपुर प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका प्रीती वर्मा, भांभाऊ की ज्योति वर्मा, नमिता सिंह, सूर्यकांत सिंह, अनुपमा जयसवाल, दीपक कुशवाहा आदि ने हर्ष व्यक्त कर बीईओ को बधाई दी। बीएसए संगीता सिंह ने बताया कि शासन द्वारा सूची जारी की गई हैं। जिसमें हिलौली, पुरवा व हसनगंज ने बेहतर रैंक पाई है। यह संबंधित ब्लाक की पूरी टीम द्वारा ईमानदारी से काम करने का परिणाम हैं।

ब्लाकों की रैंक प्रतिशत के हिसाब से

1-हिलौली	40
2 .पुरवा	32
3 .हसनगंज	20
4 .नवाबगंज	16
5 .असोहा	11
6 .बिछिया	11
7 .सिकन्दरपुर कर्ण	11
8 .मियागंज	10
9 .सफीपुर	10
10 .औरास	09
11 .गंजमुरादाबाद	09
12 .बांगरमऊ	04
13 .बीघापुर	04
14 .सिकन्दरपुर सरोसी	04
15 .फतेहपुर 84	01
16 .सुमेरपुर	01
17 .नगर क्षेत्र	0
जिले में कुल निपुण स्कूल	193

In a government test conducted in November 2023 (partway through the ALfA implementation), Hilauli topped the ranking among Unnao's 17 blocks. 85 of Hilauli's schools were tested, out of which 40 were deemed to be 'NIPUN schools'.* This translates to 47% of Hilauli's schools being NIPUN, over triple the rate for Unnao overall (15%) and double the state average (24%).

A 'NIPUN school' is defined as one in which 80% or more of sampled students passed the basic literacy assessment in each of Grade 1, 2 and 3.